## सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 की पूर्वपीठिका के रूप में तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान का शुभारंभ

**विषय: "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" (Probity for Prosperity)**

सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2026 की पूर्वपीठिका के रूप में आयोजित **तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान-2026** का शुभारंभ 17 अगस्त 2026 को सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली के निगमित कार्यालय में किया गया। इस अभियान का संयुक्त रूप से शुभारंभ **श्री संजय बांगा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री पीयूष रंजन, मुख्य सतर्कता अधिकारी** द्वारा किया गया।

यह अभियान **17 अगस्त 2026 से 16 नवंबर 2026** तक चलेगा। इसका उद्देश्य संगठन में निवारक सतर्कता को केंद्रित एवं सतत गति प्रदान करना है। अभियान के माध्यम से प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने, कमजोरियों की पहचान करने, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा देने तथा समयबद्ध एवं प्रभावी सुधारात्मक उपायों के माध्यम से अनियमितताओं की रोकथाम पर बल दिया जाएगा।

**अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित पाँच प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा:**

1. लंबित शिकायतों का निपटान
2. लंबित मामलों का निपटान
3. क्षमता निर्माण कार्यक्रम
4. डिजिटल पहल
5. संविदा प्रबंधन

सभा को संबोधित करते हुए **मुख्य सतर्कता अधिकारी** ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय, निदेशक (वित्त), निदेशक (प्रचालन) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया और अभियान के विषय **"सत्यनिष्ठा से समृद्धि"** के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही केवल नैतिक मूल्य ही नहीं हैं, बल्कि सुशासन, सार्वजनिक संसाधनों के कुशल उपयोग तथा संगठन के सतत विकास के मूलभूत स्तंभ हैं। **वहीं समृद्धि** का अर्थ केवल धन या आर्थिक विकास नहीं है। बल्कि वास्तविक समृद्धि वह है, जहाँ **संस्था में विश्वास हो, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता हो, निर्णयों में निष्पक्षता हो और प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्य को पूरी जिम्मेदारी से निभाए।**

**मुख्य सतर्कता अधिकारी** ने **पाँच प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित** करते हुए स्पष्ट किया कि सतर्कता केवल जांच और दंडात्मक कार्रवाई तक सीमित नहीं है; बल्कि इसका **सर्वप्रमुख उद्देश्य निवारण** है। निवारक सतर्कता संगठन को कमजोरियों की पहचान करने, प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने, पारदर्शिता बढ़ाने तथा यह सुनिश्चित करने में सक्षम बनाती है कि निर्णय निष्पक्ष, वस्तुनिष्ठ और स्थापित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप लिए जाएं।

उन्होंने कहा कि **निवारक सतर्कता एक सामूहिक जिम्मेदारी है** और अभियान के दौरान की जा रही पहलों में सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के सभी कर्मचारियों से सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने भ्रष्टाचार से निपटने, संगठनात्मक प्रणालियों को मजबूत करने तथा नैतिक आचरण की संस्कृति को बढ़ावा देने में निवारक सतर्कता को एक प्रभावी साधन के रूप में रेखांकित किया।

इस अवसर पर सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने निवारक सतर्कता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा संगठन में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही की संस्कृति को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। उनके द्वारा **पाँच प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए अपने विचार अभिव्यक्त किए|**

उन्होंने कहा कि इस तीन माह के अभियान का उद्देश्य केवल वर्तमान प्रक्रियाओं की समीक्षा करना नहीं, बल्कि इसे नित कार्य-संस्कृति का हिस्सा बनाना है तथा संभावित कमजोरियों की पहचान कर उनमें आवश्यक सुधार करना, कार्यप्रणालियों को सुदृढ़ बनाना तथा संगठन में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक आचरण की स्थायी संस्कृति विकसित करना है।

अंत में **अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक** ने कहा कि निवारक सतर्कता एक सामूहिक जिम्मेदारी है। इसे केवल सतर्कता विभाग तक सीमित नहीं रखा जा सकता। संगठन के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की सजगता, जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी से ही प्रभावी सतर्कता व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है।

**सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के तीनों परिचालन ईकाईयों के महाप्रबंधक और अन्य अधिकारियों** ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लिया। इससे पूरे संगठन में अभियान के उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का व्यापक स्तर पर प्रसार और प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित हुई।


सीसीआई
CCi
SWATCHTA PAKHWADA
स्वच्छता पखवाड़ा


सीसीआई
CCi
SWATCHTA PAKHWADA
स्वच्छता पखवाड़ा


सीसीआई
CCi
SWATCHTA
PAKHWADA

